# एमडीईए ने अवैध निर्माणों पर की बड़ी कार्रवाई

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने अवैध निर्माणों के खिलाफ अपने अभियान को और तेज करते हुए सोमवार को ऋषिकेश, देहरादून और विकासनगर क्षेत्र में कई स्थानों पर ध्वस्तीकरण एवं सीलिंग की बड़ी कार्रवाई की। प्राधिकरण की टीम ने बिना स्वीकृत मानचित्र और नियमों के विपरीत किए जा रहे निर्माण कार्यों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कदम उठाए। इस कार्रवाई से अवैध निर्माणकर्ताओं में हड़कंप मच गया।



**ऋषिकेश में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर:** एमडीडीए की टीम ने सबसे पहले ऋषिकेश क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए लक्कड़घाट रोड स्थित साक्षी महाराज ब्लॉक-सी में निशांत मलिक द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। संबंधित निर्माण बिना आवश्यक स्वीकृतियों के किया जा रहा था, जिसके विरुद्ध पूर्व में भी नोटिस जारी किए गए थे। निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाई गई।

**बहुमंजिला भवनों को किया गया सील:** ऋषिकेश के निर्मल बाग क्षेत्र में भी एमडीडीए ने सख्ती दिखाई। लेन नंबर-6, ब्लॉक-सी में गुरु कृपा फाउंडेशन द्वारा निर्मित बहुमंजिला अवैध भवन को सील किया गया। इसके अलावा लेन नंबर-10, ब्लॉक-बी में नर्मदा सिंह तथा अजीत राम भट्ट द्वारा किए गए बहुमंजिला निर्माणों पर भी सीलिंग की कार्रवाई की गई। इन भवनों का निर्माण स्वीकृत मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया था, जिसके चलते नियमानुसार कार्रवाई की गई।

**विकासनगर में व्यावसायिक निर्माणों पर भी कार्रवाई:** प्राधिकरण की कार्रवाई केवल ऋषिकेश तक सीमित नहीं रही। विकासनगर क्षेत्र में भी कई अवैध व्यावसायिक निर्माणों को सील किया गया। हरबर्टपुर चौक-विकासनगर रोड पर फुर्कान द्वारा किए जा रहे अवैध व्यावसायिक निर्माण को सील किया गया। वहीं टाइम्स वर्ल्ड स्कूल के सामने कुनाल रोड पर हसन द्वारा किए जा रहे निर्माण पर भी सीलिंग की कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त मंडी चौक, चकराता रोड मुख्य मार्ग स्थित विकासनगर बाजार में सुरेंद्र सिंह द्वारा किए जा रहे व्यावसायिक निर्माण को भी नियमों के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर सील कर दिया गया। प्रमुख बाजार क्षेत्रों में अवैध निर्माणों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

**लगातार जारी रहेगा अभियान:** एमडीडीए द्वारा हाल के महीनों में अवैध निर्माणों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। प्राधिकरण का उद्देश्य अनियोजित विकास पर रोक लगाना तथा शहरों और कस्बों में सुनियोजित निर्माण व्यवस्था सुनिश्चित करना है। कई लोग बिना मानचित्र स्वीकृति के बहुमंजिला और व्यावसायिक भवनों का निर्माण कर रहे हैं, जिससे भविष्य में सुरक्षा और यातायात संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

### अवैध निर्माणों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा- बंशीधर तिवारी

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सभी नागरिकों और भवन स्वामियों से अपेक्षा है कि वे निर्माण कार्य शुरू करने से पहले नियमानुसार मानचित्र स्वीकृत कराएं और निर्धारित मानकों का पालन करें। उन्होंने कहा कि अवैध निर्माणों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर ध्वस्तीकरण और सीलिंग जैसी कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण का लक्ष्य सुनियोजित एवं सुरक्षित शहरी विकास सुनिश्चित करना है, इसलिए किसी भी प्रकार के दबाव या प्रभाव में आए बिना नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



### अवैध निर्माणों की नियमित की जा रही निगरानी- बर्निया

एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि अवैध निर्माणों की नियमित निगरानी की जा रही है। जहां भी नियमों का उल्लंघन पाया जाएगा, वहां तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे निर्माण कार्य शुरू करने से पहले आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करें और प्राधिकरण के नियमों का पालन करें। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज, अवर अभियंता अमित भारद्वाज, मनीष डिमरी, अमन पाल, सिद्धार्थ सेमवाल, सुपरवाइजर तथा पुलिस बल मौजूद रहा। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि अवैध निर्माणों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# उत्तराखंड में अगले दो दिन तेज गर्मी का अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ **मैदानी जनपदों में हीट वेव जैसी स्थिति की संभावना**

**देहरादून।** भारत मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून द्वारा सोमवार को जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तराखण्ड राज्य के मैदानी जनपदों में 25 मई से 27 मई, 2026 तक लू (हीट वेव) जैसी स्थिति की संभावना व्यक्त की गई है। विशेष रूप से हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर, देहरादून, पौड़ी, नैनीताल एवं चम्पावत जनपदों के कुछ स्थानों पर हीट वेव जैसी स्थिति बन सकती है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने पत्र जारी कर सभी जनपदों को सतर्क रहने एवं आवश्यक एहतियाती व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र एवं नियंत्रण कक्ष को 24x7 सक्रिय रखने, स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अस्पतालों में पर्याप्त दवाइयां, ओआरएस, बर्फ एवं आवश्यक उपकरण उपलब्ध रखने तथा लू एवं शरीर में पानी की कमी से प्रभावित मरीजों के उपचार हेतु विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।इसके अतिरिक्त नगर निकायों को सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों एवं प्रमुख चौराहों पर पेयजल, प्याऊ एवं शीतल जल व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अस्थायी शेड एवं विश्राम स्थलों की व्यवस्था करने को कहा गया है। बिजली एवं पेयजल विभागों को निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने तथा पानी की कमी वाले क्षेत्रों में टैंकरों की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

श्रमिकों एवं बाहरी कार्यस्थलों पर कार्यरत कर्मियों के लिए कार्य समय को प्रातः एवं सायंकाल तक सीमित रखने की सलाह दी गई है। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास श्री विनोद कुमार सुमन ने आम जनमानस से अत्यधिक गर्मी के दौरान दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी एवं तरल पदार्थ का सेवन करने की अपील की है।

# डीटीएच के जरिये टीवी की स्क्रीन पर मिलेंगे आपदा संबंधी अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ **अर्ली वार्निंग को लगातार किया जा रहा सुदृढ़**

**देहरादून।** अब डीटीएच के माध्यम से भी विभिन्न आपदाओं के एलर्ट आम जनमानस को प्राप्त होंगे। उत्तराखण्ड राज्य में अर्ली वार्निंग सिस्टम को और अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाने की दिशा में डीटीएच प्लेटफॉर्म के जरिये टेस्ट अलर्ट का सफल प्रसारण किया गया है। प्रथम चरण में यह प्रसारण जनपद देहरादून, हरिद्वार तथा ऊधमसिंहनगर में किया गया।

परीक्षण के दौरान टाटा प्ले, एयरटेल, डीटीएच, डी2एच एवं डिश टीवी जैसे प्रमुख डीटीएच प्लेटफॉर्म पर टीवी स्क्रीन में टेस्ट अलर्ट संदेश प्रदर्शित हुआ। यह संदेश लगभग 15 से 40 सेकंड तक स्क्रीन पर दिखाई दिया। इस प्रणाली के माध्यम से आपदा एवं मौसम संबंधी चेतावनियों का कुछ ही सेकंड में व्यापक स्तर पर प्रसारण संभव हो सकेगा। टेलीविजन स्क्रीन पर सीधे संदेश प्रदर्शित होने से लोगों का तत्काल ध्यान आकर्षित होगा तथा फ्लैश फ्लड, भूस्खलन, भारी वर्षा, आकाशीय बिजली एवं लू जैसी घटनाओं से पूर्व समय रहते लोगों को सतर्क किया जा सकेगा। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि उत्तराखण्ड भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील राज्य है, जहां समय पर चेतावनी का आमजन तक पहुंचना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि डीटीएच आधारित अलर्ट प्रणाली आपदा पूर्व चेतावनी तंत्र को और अधिक व्यापक, त्वरित एवं प्रभावी बनाएगी। राज्य सरकार आधुनिक तकनीकों के उपयोग से अर्ली वार्निंग सस्टम को लगातार सुदृढ़ कर रही है।

# फेक नैरेटिव और भ्रामक सूचनाओं से रहें सतर्क: धामी

■ **हल्द्वानी में सीएम ने क्रिएटर, इंफ्लूएंसर्स और वॉलेंटियर्स के साथ किया संवाद, सोशल मीडिया को राष्ट्र निर्माण और सकारात्मक बदलाव का माध्यम बनाने का आह्वान**

■ **उत्तराखंड के युवा बनें प्रदेश के डिजिटल ब्रांड एम्बेसडर, डिजिटल इंडिया के दौर में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण, देवभूमि की संस्कृति और पहचान को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आगे बढ़ाने का आह्वान**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी/देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी में आयोजित "सोशल मीडिया मंथन विथ सीएम धामी" कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स, कंटेंट क्रिएटर्स, डिजिटल वॉलेंटियर्स एवं युवाओ के साथ संवाद किया।



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं ने सोशल मीडिया, उत्तराखंड के विकास, रोजगार, संस्कृति, राष्ट्रवाद और युवाओं की भूमिका से जुड़े विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री धामी से सवाल पूछे, जिनका उन्होंने बेबाकी, स्पष्टता और आत्मीयता के साथ जवाब दिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने, सकारात्मक परिवर्तन लाने और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाने का एक प्रभावशाली प्लेटफॉर्म बन चुका है। उन्होंने कहा कि आज का युवा डिजिटल माध्यमों के जरिए अपनी बात पूरी दुनिया तक पहुंचाने की क्षमता रखता है और उत्तराखंड के युवाओं में अपार प्रतिभा मौजूद है।

मुख्यमंत्री श्री धामी ने युवाओं का आहवान करते हुए कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग सकारात्मकता, सत्य और समाजहित के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि फेक नैरेटिव, भ्रामक सूचनाओं और समाज को बांटने वाली ताकतों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। सोशल मीडिया पर जिम्मेदार व्यवहार और तथ्यपरक जानकारी साझा करना आज प्रत्येक युवा की जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया को जनसंवाद का सशक्त माध्यम बनाया है और निरंतर युवाओं से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया है। इसी भावना के साथ उत्तराखंड सरकार भी युवाओं को आगे बढ़ाने, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, स्टार्टअप, नवाचार, खेल, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नकल विरोधी कानून, समान नागरिक संहिता, धर्मांतरण विरोधी कानून और सख्त भू-कानून जैसे ऐतिहासिक निर्णय लेकर युवाओं और प्रदेश के भविष्य को सुरक्षित करने का कार्य किया है। उत्तराखंड की संस्कृति, परंपरा और देवभूमि की पहचान को संरक्षित रखते हुए विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स और कंटेंट क्रिएटर्स ने अपने सुझाव एवं अनुभव भी साझा किए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार युवाओं के सुझावों और सकारात्मक सहभागिता का सदैव स्वागत करती है तथा डिजिटल इंडिया के इस दौर में उत्तराखंड के युवा प्रदेश के ब्रांड एम्बेसडर बनकर दुनिया के सामने राज्य की सकारात्मक छवि प्रस्तुत करें।

इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट, माननीय कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा, राम सिंह कैड़ा, विधायक सरिता आर्या, जिलाध्यक्ष भाजपा प्रताप सिंह बिष्ट, दायित्वधारी शंकर कोरंगा, महापौर गजराज सिंह बिष्ट, गोविंद सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बीकेटीसी में चल रहा है अंधा कानून: गोदियाल

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

■ **चढ़ावे का पैसा चारधामों की व्यवस्था में खर्च किया जाना चाहिए, निजी नियुक्तियों को बताया शासनादेशों का उल्लंघन**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने बदरीनाथ-केदारनथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) में सामने आए कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले को गंभीर बताते हुए प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी ने भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली और धार्मिक संस्थाओं में हो रहे कथित भ्रष्टाचार की पोल खोल दी है।

गणेश गोदियाल ने कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े बदरीनाथ और केदारनाथ धामों की व्यवस्था संभालने वाली संस्था में इस प्रकार की नियुक्तियां और अनर्गल भुगतान नैतिकता एवं पारदर्शिता पर सवाल खड़े करते हैं। गोदियाल ने कहा कि बतौर बीकेटीसी अध्यक्ष उन्होंने अपने कार्यकाल में एक आदर्श और नजीर प्रस्तुत करने का प्रयास किया था और बतौर अध्यक्ष बीकेटीसी का कभी एक रुपया तक टीए/डीए के रूप में या मानदेय के रूप में नहीं लिया। गोदियाल के अनुसार यह चढ़ावे का पैसा होता है और सिर्फ मंदिर और चारधामों की व्यवस्था में खर्च किया जाना चाहिए किसी और का इस पैसे पर कोई अधिकार नहीं।उन्होंने कहा कि बीकेटीसी में पहले से पर्याप्त कार्मिक उपलब्ध होने के बावजूद निजी नियुक्तियां किया जाना और शासनादेशों का उल्लंघन कर भत्तों का भुगतान होना चिंताजनक है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने धार्मिक संस्थाओं को भी राजनीतिक संरक्षण और भ्रष्टाचार का माध्यम बना दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि अपनी सफाई में यह तर्क की बीकेटीसी में डिजिटल पेमेंट का कोई जरिया नहीं था इसलिए कैश पेमेंट की गई गले नहीं उतरता क्योंकि पूरी चार धाम यात्रा ऑनलाइन ही चल रही है और केदारनाथ मंदिर में क्यू आर प्रकरण को बीते अभी ज्यादा वक्त नहीं हुआ है जब केदारनाथ मंदिर परिसर में मुख्य द्वार पर क्यू आर कोड चंदा उगाही के लिए चस्पा कर दिया गया था।उन्होंने प्रदेश सरकार से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा बीकेटीसी में वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है। गोदयाल ने बीकेटीसी से भी अपेक्षा की है कि वह उन सभी लोगों से भुगतान की रिकवरी करें जिन पर मंदिर समिति का पैसा खर्च किया गया है। गोदयाल के अनुसार इस पूरे शर्मनाक खुलासे ने भाजपा और आरएसएस के छद्म सनातन प्रेम की कलई खोल कर रख दी है।

# ग्रामीणों ने लगाया 'नो रोड नो वोट' का नारा

**बागेश्वर।** कपकोट के फुलवाड़ी पंचायत घर में फुलवाड़ी, फुलाचौरा खालीधार सड़क संघर्ष समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संघर्ष को तेज करने के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से पूर्व कैप्टन रतन सिंह दानू को अध्यक्ष, करम सिंह दानू को सचिव, मदन सिंह धामी को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं शेर सिंह दानू एवं गजेंद्र सिंह दानू को उपाध्यक्ष बनाया गया। संरक्षक पद पर चरण सिंह बघरी, महिला उपाध्यक्ष के रूप में तारा धामी और बसंती बघरी का चयन किया गया। इसके अलावा बहादुर सिंह बघरी को उप सचिव तथा खड़ग सिंह दानू को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। बैठक में अध्यक्ष पूर्व कैप्टन रतन सिंह दानू सहित ग्रामीणों ने एक स्वर में 'नो रोड, नो वोट, नो सपोर्ट' के नारे लगाए और निर्णय लिया कि सड़क निर्माण शुरू होने तक संघर्ष जारी रहेगा। ग्रामीणों ने कहा कि अब वे सड़क निर्माण कार्य आरंभ होने तक पीछे हटने वाले नहीं हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 9 जनवरी 2026 को कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया ने फुलवाड़ी गांव के भ्रमण के दौरान पांच महीने के भीतर सड़क निर्माण शुरू कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन पांच महीने बीत जाने के बाद भी निर्माण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी है।

## एक नजर .......

### हल्दुखाता में बहुउद्देशीय जागरुकता एवं लाभार्थी शिविर आयोजित

**कोटद्वार।** भारत सरकार की प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान, पीएम-जनमन योजना तथा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत संचालित जनभागीदारी – सबसे दूर, सबसे पहले जागरुकता अभियान के तहत रविवार को कोटद्वार तहसील के बोक्सा जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र हल्दुखाता मल्ला में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में निवासरत पात्र परिवारों तक केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना तथा उन्हें विभिन्न सेवाओं से लाभान्वित करना रहा। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा मौके पर ही आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों एवं जनजातीय समुदाय के लोगों ने प्रतिभाग किया। महिला छात्रावास अधीक्षक एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी पंकज देवली ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 22 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में हिमालयन बोक्सा जनजाति समिति कोटद्वार की अध्यक्ष दीपा देवी, हल्दुखाता के पार्षद राजेंद्र प्रसाद बहुखंडी, जसोधरपुर के पार्षद मनीष नैथानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### चारधाम यात्रा में दिख रही स्वच्छता की मिसाल श्रद्धालु निभा रहे पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा को एक माह पूर्ण हो चुका है। इस दौरान देश-विदेश से पहुंचे 22 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा केदारनाथ, भगवान बदरीविशाल, मां गंगोत्री एवं मां यमुनोत्री के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। वहीं, यात्रा मार्गों पर श्रद्धालुओं में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति विशेष जागरूकता भी देखने को मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्वच्छता आह्वान का सकारात्मक प्रभाव चारधाम यात्रा मार्गों पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। ऋषिकेश ट्रांजिट कैंप से लेकर विभिन्न धार्मिक स्थलों तक श्रद्धालु स्वयं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रख रहे हैं। यात्री प्लास्टिक एवं कूड़ा इधर-उधर न फेंकने का संकल्प लेते हुए अन्य लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित कर रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि चारधाम केवल आस्था के केंद्र ही नहीं, बल्कि देवभूमि की सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहर भी हैं। ऐसे में प्रत्येक यात्री का दायित्व है कि वह यात्रा के दौरान स्वच्छता बनाए रखते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे। यात्रियों ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में यात्रा करना आध्यात्मिक अनुशासन का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। श्रद्धालुओं का कहना है कि यदि सभी यात्री अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें तो चारधाम यात्रा और अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित तथा पर्यावरण अनुकूल बन सकती है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में प्रशासन द्वारा यात्रा मार्गों पर लगातार स्वच्छता अभियान एवं जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

# ईद पर सौहार्द बनाए रखने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** आगामी ईदुल अज़हा पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण रूप संपन्न कराने के उद्देश्य से कालाढूंगी प्रशासन और पुलिस द्वारा कोतवाली में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। पुलिस की ओर से त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली-पानी की आपूर्ति तथा कुर्बानी से संबंधित दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की गई। उप प्रभारी निरीक्षक पंकज जोशी ने कहा कि ईदुल अज़हा का पर्व हर वर्ष की तरह इस बार भी शांति, भाईचारे और आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि कुर्बानी केवल निर्धारित स्थान पर ही की जाए और खुले में कुर्बानी करने से बचा जाए, ताकि किसी भी वर्ग की भावनाओं को ठेस न पहुंचे। साथ ही त्योहार के दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील भी की गई। बैठक में प्रशासन की ओर से यह भी आश्वासन दिया गया कि पर्व के दौरान क्षेत्र में बिजली और पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान पालिका के अधिशासी अधिकारी अभिनव कुमार, जामा मस्जिद सदर वकील अहमद, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष अली हुसैन, पूर्व सभासद सईद अहमद, मतलूब इलाही, मो, शहजाद, नदीम अहमद, आसिफ सैफी, जाहिद हबीबी, हाजी शाकिर हुसैन, कांस्टेबल किशन नाथ, तेजपाल, हरबंश राणा आदि उपस्थित रहे।

# लैब टैक्निशियनों का धरना जारी, जुगरान ने दिया समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** एकता विहार धरना स्थल, देहरादून में बेरोजगार मेडिकल लैब टैक्नोलॉजिस्ट संघ के बैनर तले लैब तकनीशियनों द्वारा छठवें दिन भी लगातार अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा ।अपनी लंबित मांगों को लेकर बेरोजगार लैब तकनीशियन विभिन्न जिलों से धरना स्थल पर पहुंचे । संघ का कहना है कि जब तक उनकी न्यायोचित मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन अनवरत जारी रहेगा।




धरना स्थल पर पूर्व राज्य आंदोलनकारी, रविंद्र जुगरान ने आकर आंदोलनकारी लैब तकनीशियनों की माँगों का समर्थन करते हुए आश्वस्त किया कि वह उनकी माँगों के निराकरण के लिए शीघ्र ही स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात करेंगे और उनसे एक त्रिस्तरीय बैठक के लिए प्रयास करेंगे , जिसमे संगठन के प्रतिनिधि, सचिव स्वास्थ्य, स्वास्थ्य महानिदेशक और कार्मिक तथा वित्त के अधिकारी सम्मिलित रहें और एक निष्कर्ष निकालें, उन्होंने कहा कि राज्य बने हुए 26 वर्ष हो गए पर सभी सरकारों में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बदहाल ही रही, सरकारी अस्पताल व मेडिकल कालेज भी रेफरल सेंटर का ही काम कर रहे हैं, सरकार आज भी उत्तरप्रदेश की नियमावली को बदलने मे विफल रही है, जिससे लैब तकनीशियन के पद नही विज्ञापित हो पाए, उन्होंने बेरोजगार लैब तकनीशियनों की सभी प्रमुख मांगों जिसमें आईपी एचएस मानकों के अनुरूप पदों का सृजन, वर्षवार मेरिट के आधार पर नियुक्ति, आयु अहर्ता में एकमुश्त छूट और सरकारी लैबों का निजीकरण बंद किया जाए सम्मिलित हैं सभी माँगों को उचित ठहराया। लैब तकनीशियनो द्वारा जुगरान का धन्यवाद ज्ञापित किया गया और कहा गया कि लैब तकनीशियन धरनास्थल पर विपरीत परिस्थियों मे भी जुटे रहेंगे। धरनास्थल पर अध्यक्ष आशीष खाली, महासचिव मयंक राणा, उपाध्यक्ष रणवीर बिष्ट, डॉली पोखरियाल, तरुणा ,शैफाली, प्रीति, राजमोहन नेगी, प्रवीण पंवार, लोकेंद्र भट्ट, राहुल देव आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**

☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गुलदार के हमले पर खंडाह में ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** गढ़वाल वन प्रभाग के ओणी गांव में बीते रविवार को गुलदार के हमले में 48 वर्षीय महिला के गंभीर घायल होने के बाद सोमवार को ग्रामीणों और जन प्रतिनिधियों ने श्रीनगर-पौड़ी राजमार्ग पर जाम लगाकर आक्रोश जताया।



■ **हमले के बाद से ग्रामीणों में भडका आक्रोश, तीन घंटे आवाजाही रखी बंद**

आक्रोशित लोगों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए गुलदार को आदमखोर घोषित करने और शूट आउट के आदेश जारी करने की मांग पर तीन घंटों तक वाहनों की आवाजाही को रोके रखा, जिससे राजमार्ग पर वाहनों की लम्बी कतारें देखने को मिली। स्थानीय जनप्रतिनिधि हेमंती, अनुज कुमार और शंकर नौटियाल ने कहा कि लगातार हो रहे गुलदार के हमलों के बाद भी वन विभाग ग्रामीणों की सुरक्षा तय नहीं कर पा रहा है, जिससे लोग भय के साये में अपनी दिनचर्या निर्वहन कर रहे हैं। साथ ही बच्चे, युवा और महिलाएं अपने रोजाना के कामकाजों से प्रभावित हैं।बताया कि वन विभाग के पास ग्रामीण क्षेत्रों में गुलदार और वनाग्नि की घटनाओं को रोकने लिए कोई ठोस प्रणाली नहीं है,वनकर्मियों की कमी के कारण ग्रामीणों की सुरक्षा भगवान भरोसे चल रही है।काफी देर तक एनएच बाधित होने से मौके पर पहुंचे डीएफओ पौड़ी ने आक्रोशित लोगों से वार्ता की।ग्रामीणों की प्रभावित क्षेत्रों में गश्त करने समेत गुलदार को आदमखोर घोषित कर मार गिराने की मांग पर डीएफओ ने उचित कार्रवाई और सुरक्षा का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों ने राजमार्ग से हटने का निर्णय लिया और स्थिति सामान्य हो पाई।

बताते चले कि बीते रविवार को प्रदेश के वन मंत्री के गांव ओणी में एक महिला पर गुलदार ने बीते रविवार को हमला कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया था। घायल महिला का बेस चिकित्सालय श्रीकोट में इलाज चल रहा है। घात लगाए गुलदार ने घर के समीप 48 वर्षीय विनिता देवी पत्नी किशोर पर हमला किया। ग्रामीणों के हल्ला करने के बाद गुलदार मौके से भाग निकला। महिला के गर्दन और मुंह पर गंभीर जख्म हैं। गुलदार के हमले के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि वन विभाग कार्रवाई करते हुए गुलदार को मार नहीं गिराता है तो जनता बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में विभागीय टीम की गश्त बढ़ा दी गई है। 13 सदस्यीय टीम इलाकों में गश्त कर रही है, चार पिंजरे लगाए गए हैं, जबकि 25 कैमरों की मदद से गुलदार की हरकतों पर नजर बनाई गई है। शूटर की संख्या बढ़ाने के साथ ग्रामीणों की मांग पर गुलदार को पकड़ने और शूट किये जाने समेत हर सम्भव प्रयास जारी हैं।

**महातिम यादव, डीएफओ,पौड़ी गढ़वाल।**

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष संख्या: 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com

पत्रांक: 439 **ई-निविदा सूचना** दिनांक 25.05.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन), खोदरी पावर स्टेशन, डाकपत्थर (देहरादून), द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

ई-निविदा सं0 04/EE(Gen)/Khodri/2026-27 : खोदरी विद्युत गृह के 220 केवी एवं 33 केवी स्विचयार्ड के लिये विद्युत पुर्जो और उपभोज्य सामग्री की आपूर्ति।

ई-निविदा सं0 05/EE(Gen)/Khodri/2026-27 : खोदरी विद्युत गृह के लिये 5 केवी इंसुलेशन टेस्टर की आपूर्ति।

अनुमानित लागत: रू0 45,73,335/- एवं रू0 6,82,318/- जी एस टी अतिरिक्त

पोर्टल पर निविदाप्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 26.05.2026 10:00 बजे

पोर्टल पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 15.06.2026 ,16:00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट "www.ujvnl.com" देखें। निविदा प्रपत्र के डाउनलोड एवं अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल "https:/uktenteders.gov.in देखें।

**अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन)**

**"बिजली के दुरूपयोग से बचें"**

# गंगा दशहरे पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डूबकी

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** गंगा दशहरा के अवसर पर देश के तमाम राज्यों से आए करीब 24.5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी सहित विभिन्न गंगा घाटों पर स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। ब्रह्म मुर्हत में शुरू हुआ स्नान का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। श्रद्धालु भक्तों ने गंगा में स्नान करने के उपरांत सूर्यदेव को अर्घ्य प्रदान किया और दान पुण्य कर परिवारों के लिए मंगलकामना की। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार गंगा दशहरे पर गंगा स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है। स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस ने मेला क्षेत्र को जोन व सेक्टरों में विभाजित कर सुरक्षा व यातायात संचालन के कड़े इंतजाम किए थे। एसएसपी नवनीत सिंह सहित तमाम पुलिस अधिकारी दिन भर मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेते रहे।

गंगा सभा के महामंत्री तन्मय वशिष्ट ने बताया कि गंगा दशहरे पर गंगा स्नान, दान और पितरों के निमित्त तर्पण करने से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। यदि किसी वजह से कोई व्यक्ति गंगा तट पर ना पहुंच सके तो सामान्य जल में गंगा जल मिलाकर स्नान करने से भी पुण्य फल प्राप्त होता है। एसएसपी नवनीत सिंह ने बताया कि स्नान का सिलसिला लगातार चल रहा है और देर शाम तक करीब 24.5 लाख से अधिक श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। एसएसपी ने बताया कि स्नान को सकुशल संपन्न कराने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

## पैसों के लेन देन को लेकर घर में घुसकर मारपीट, केस दर्ज

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली क्षेत्र के भूपतवाला (भारत माता पुरम कॉलोनी) में पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। पीड़िता पल्लवी गुप्ता ने पुलिस को बताया कि 21 मई की रात वह अपने बच्चों के साथ घर पर थीं। इसी दौरान अजय गोस्वामी, काजल शर्मा, शीतल विश्नोई और कुछ अन्य महिलाओं ने उनके घर में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट की। हमलावरों ने ईंट-पत्थर मारकर दरवाजा तोड़ दिया और सामान का नुकसान किया। पल्लवी के अनुसार, अजय गोस्वामी से उनका पैसों का लेनदेन था, जिसके एवज में उन्होंने केनरा बैंक के चार और बैंक ऑफ बड़ौदा का एक चेक गिरवी रखा था। रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने मारपीट की और चेक वापस करने का दबाव बनाया। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि पुलिस ने दूसरे पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चाकू के बल पर लूट में शामिल दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र में चाकू की नोक पर मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन, वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक और चाकू भी बरामद किया है। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

सीओ सदर सुरेंद्र प्रसाद बलूनी ने बताया कि 22 मई को अंगद प्रसाद साहू निवासी शहडोल, मध्य प्रदेश हाल निवासी नवोदय नगर चौक ने थाना सिडकुल में शिकायत दर्ज कराई थी कि पड़ चौक पर बाइक सवार दो युवकों ने रास्ता रोककर उससे मोबाइल फोन लूट लिया। मामले में थाना सिडकुल में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसएसपी नवनीत सिंह के निर्देश पर घटना के खुलासे के लिए सक्रिय हुई पुलिस टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान एसओ अजय शाह के नेतृत्व में पुलिस लाइन तिराहे के पास से दो संदिग्ध युवक हसन और आशु को दबोच लिया गया। पूछताछ में दोनों ने मोबाइल लूट की वारदात कबूल कर ली। तलाशी लेने पर उनके पास से लूटा गया मोबाइल, घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल और चाकू बरामद हुआ।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम हसन निवासी लखीमपुर खीरी हाल निवासी रावली महदूद थाना सिडकुल,आशु निवासी रावली महदूद हाल निवासी आनेकी थाना सिडकुल बताया है।

एसओ अजय शाह ने बताया कि मुकदमे में संबंधित धाराओं के साथ आर्म्स एक्ट की धाराएं भी बढ़ा दी हैं। दोनों आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अजय शाह, चौकी प्रभारी कोर्ट देवेंद्र चौहान, कां. हरि सिंह शामिल रहे हैं।

# मांगों को लेकर शिक्षक एसोसिएशन ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक एसो. के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को डीओ बेसिक अमित कुमार चंद से मुलाकात कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने विभाग से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई किए जाने की अपेक्षा की। ज्ञापन में बताया गया कि 24 जून 2025 को आयोजित डीपीसी की बैठक में कुल 136 सहायक अध्यापकों की प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति हेतु संस्तुति की गई थी। इनमें से 114 शिक्षकों को पदोन्नति मिल चुकी है, जबकि 22 शिक्षक अभी भी पदोन्नति से वंचित हैं। एसोसिएशन ने कहा कि वर्तमान में कई प्रधानाध्यापक सेवानिवृत्त हो चुके हैं, जिससे पद रिक्त हैं। ऐसे में शेष शिक्षकों को भी उनकी डीपीसी संस्तुति के आधार पर शीघ्र पदोन्नति प्रदान की जाए। प्रतिनिधिमंडल ने एनओसी जांच उपरांत शैक्षिक एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों के अंकों को सेवा पुस्तिका में अंकित किए जाने, कई शिक्षकों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन पूरा हो चुका है, लेकिन विवरण अभी तक सेवा पुस्तिका और विभागीय पोर्टल पर दर्ज नहीं किया गया है।



शिक्षक संगठन ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान संपादित होने वाले एसआईआर कार्य के बदले शिक्षकों को उपार्जित अवकाश स्वीकृत करने की मांग भी रखी। साथ ही कोविड-19 काल में अर्जित उपार्जित अवकाश को सेवा पुस्तिका में दर्ज करने तथा ग्रीष्मकालीन अवकाश में आयोजित कार्यों के दौरान विद्यालयों में आवश्यक भोजन व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, जिला महामंत्री दर्शन सिंह पंवार, जिला कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण भट्टाचार्य, जिला उपाध्यक्ष डॉ. शिवा अग्रवाल, जिला संगठन मंत्री रवि कुमार गोस्वामी, जिला उप मंत्री शरद भारद्वाज, खानपुर अध्यक्ष प्रमोद अधाना, सोमपाल पंवार, सुनील बोहरे, बहादराबाद मंत्री चंद्रकांत बिष्ट, सहित कई अध्यापक उपस्थित रहे।

# पुलिस के भय से खुद कोतवाली पहुंचा फायरिंग का आरोपी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** क्षेत्र में कुछ दिन पहले हुई फायरिंग के मामले में पुलिस के बढ़ते दबाव के चलते मामले के संभावित आरोपी ने खुद कोतवाली पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। आरोपी अपने साथ वारदात में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो कार, एक तमंचा और जिंदा कारतूस भी लेकर आया था, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। बीती 18 मई को मंगलोर निवासी विजय पुत्र कर्ण सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करते हुए बताया था कि 12 मई को कुछ अज्ञात बदमाशों ने उनका पीछा किया और उनकी गाड़ी पर जानलेवा फायरिंग कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस को घटनास्थल के आस-पास से गोली चलने के पुख्ता सबूत भी मिले थे। मामले में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही थीं। पुलिस के इसी दबाव के चलते 24 मई की रात मंजीत नाम का एक व्यक्ति खुद बहादराबाद कोतवाली पहुंचा और पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। आरोपी मंजीत पुत्र औंकार सिंह अपने साथ स्कॉर्पियो कार, 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी लेकर आया। आरोपी ने कुबूल किया कि इसी तमंचे से विजय की गाड़ी पर गोली चलाई गई थी। प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि आरोपी के सरेंडर करने के बाद विवेचक द्वारा उसे नियमानुसार पुलिस हिरासत में ले लिया गया है। इस मामले में सबूतों और बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धाराओं की बढ़ोतरी की गई। आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल स्कॉर्पियो कार, तमंचा और कारतूस बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# पिल्ला गैंग के 4 सदस्यों पर कनखल पुलिस का शिंकजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सोशल मीडिया पर गैंग बनाकर इलाके में दहशत फैलाने और छोटी-छोटी बातों पर युवकों के साथ मारपीट करने वाले "पिल्ला गैंग" पर कनखल पुलिस ने बड़ा शिकंजा कसा हुआ है। कनखल पुलिस ने नाबालिग समेत चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। गैंग के सदस्य इंस्टाग्राम पर कमेंट और क्षेत्र में वर्चस्व कायम करने को लेकर युवाओं को निशाना बनाते थे। गैंग का नेटवर्क भूपतवाला से लेकर लक्सर तक फैला हुआ बताया जा रहा है। पुलिस अब तक इस गैंग से जुड़े 15 युवकों को गिरफ्तार कर चुकी है। सीओ सिटी शिशुपाल सिंह ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर कनखल क्षेत्र में बढ़ रही मारपीट और गैंगबाजी की घटनाओं को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह रावत के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीमें गठित की गई थीं। पुलिसकर्मी कई दिनों सादे कपड़ों में जगजीतपुर, पीठ पुलिया, फुटबॉल ग्राउंड और गुरुकुल कांगड़ी क्षेत्र में निगरानी कर रहे थे। आरोपी सोशल मीडिया पर सक्रिय रहकर युवकों को धमकाते थे और इंस्टाग्राम पर हुए कमेंट या आपसी



रंजिश को लेकर मारपीट करते थे। इलाके में अपना वर्चस्व कायम करने के लिए गैंग के सदस्य समूह बनाकर घूमते थे, जिससे स्थानीय लोगों और युवाओं में भय का माहौल बन रहा था। इसी क्रम में रविवार को कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया। आरोपी नितिश कुमार उर्फ साजन उर्फ खबड़ा के खिलाफ एक अन्य मुकदमा भी दर्ज किया गया है। उस पर पैसे मांगने और रकम न देने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। पुलिस का कहना है कि गैंग के अन्य सदस्यों और उनकी गतिविधियों की भी जांच की जा रही है।

एसएसआई अनुज सिंह ने बताया कि पुलिस हिरासत में लिए गए आरोपियों में एक नाबालिग के अलावा सक्षम उर्फ सावन निवासी विकास कॉलोनी पुराना रानीपुर मोड़, राजकुमार उर्फ जौंग निवासी जमालपुर और नितिश कुमार उर्फ साजन उर्फ खबड़ा निवासी जगजीतपुर शामिल हैं।

# खेतों से गुजर रही लाइन दे रही हादसों को दावत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** विद्युत उपखण्ड क्षेत्र के ग्राम रोहालकी में विद्युत विभाग की भारी लापरवाही के चलते खेतों के बीच से गुजर रही विद्युत लाइन आपूर्ति चल रही है। किसान द्वारा कई बार विभाग को शिकायत करने के बावजूद भी समस्या का निस्तारण नहीं हो पा रहा है, किसान के खेत में पेड़ों के पास गुजर रहे विद्युत लाइन को किसान ने खम्बा लगाकर उठाने की गुहार लगाई है। खेतों में झूलते तारों के कारण क्षेत्र में कई हादसे पूर्व में भी हो चुके हैं। लेकिन विद्युत विभाग इन घटनाओं से कोई भी सबक लेने को तैयार नहीं है। खेत से गुजरे लाइन की शिकायतों के बाद भी समय पर ऐसी ज्यादातर समस्याओं का समाधान विद्युत विभाग के द्वारा नहीं किया जा रहा है। रोहालकी निवासी अवधेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके खेत से गुजर रही लाइन खुलेआम



मौत को दावत दे रही है। जमीन से लगभग 6 फुट ऊंचाई पर तार झूल रहे हैं। विभाग में कई बार मौखिक एवं सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। किसान ने उच्च विद्युत अधिकारियों से खेतों से गुजर रहे लाइन को ठीक कराने की गुहार लगाई है। किसान का आरोप है कि जब बिजली विभाग को लाइन ऊपर करने के लिए कहा जाता है तो विभाग की तरफ से पैसों का एस्टीमेट बनाने के लिए कहा जाता है। वहीं, इस संबंध में एसडीओ बहादराबाद से वार्ता करनी चाहिए तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# मारपीट के बीच दहशत फैलाने को लहराया तमंचा, युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में रविवार रात एक नॉनवेज ढाबे पर खाना खाने पहुंचे युवकों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट के दौरान एक युवक ने तमंचा निकालकर लहरा दिया। घटना से ढाबे पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को तमंचे और जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आर्यनगर चौक गली नंबर-3 निवासी कार्तिक शुक्ला अपने कुछ दोस्तों के साथ काका चिकन ढाबे पर खाना खा रहा था। इसी दौरान वहां पहुंचे कुछ युवकों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद गाली-गलौज और मारपीट में बदल गया। आरोप है कि एक युवक ने तमंचे की बट से कार्तिक पर हमला कर दिया, जिससे उसे चोटें आईं। हंगामे के दौरान आरोपी ने तमंचे में कारतूस डालकर डराने की कोशिश की। घटना के दौरान ढाबे पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। इसी बीच किसी व्यक्ति ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर



डाल दिया, जो तेजी से वायरल हो गया।सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी ज्वालापुर चंद्रभान सिंह के निर्देश पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर जोगिया मंडी निवासी वीर गोस्वामी को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ ढाबे पर खाना खाने आया था और विवाद बढ़ने पर उसने लोगों को डराने के लिए तमंचा निकाला था। एसएसआई कोतवाली ज्वालापुर हर्ष अरोड़ा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रविंद्र जोशी, का. अमित गौड़ व का. राजेश बिष्ट शामिल रहे।

# पुण्य तिथी पर संत समाज ने दी स्वामी परमानन्द को श्रद्धांजलि

## गुरू की सेवा परंपरा का विस्तार करना ही जीवन का उद्देश्य : महंत विनोद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ब्रह्मलीन स्वामी परमानन्द की 15वीं पुण्य तिथी पर संत समाज ने उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। जगजीतपुर स्थित ब्रह्म प्रेम कुटीर आश्रम में आश्रम के परमाध्यक्ष महंत विनोद के संयोजन में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित करते हुए महंत देवानंद ने कहा कि त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति ब्रह्मलीन स्वामी परमानन्द का पूरा जीवन मानव कल्याण को समर्पित रहा। सनातन के प्रचार प्रसार और समाज को धर्म एवं अध्यात्म के मार्ग पर अग्रसर करने में उनका योगदान स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि महंत विनोद जिस प्रकार अपनी गुरू परंपरा का आगे बढ़ा रहे हैं। वह सभी के लिए प्रेरणादायी है। महंत विनोद ने कहा कि संत परंपराओं का पालन करते हुए निर्मल जल के समान जीवन व्यतीत करने वाले पूज्य गुरूदेव ब्रह्मलीन स्वामी परमानन्द विलक्षण संत थे। संतों का सानिध्य भाग्य से प्राप्त होता है। वे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें पूज्य गुरूदेव ब्रह्मलीन स्वामी परमानन्द जैसे विद्वान संत का सानिध्य में शिक्षा दीक्षा का अवसर प्राप्त हुआ। स्वामी आनंद स्वरूप ने कहा कि सनातन के प्रचार प्रसार में ब्रह्मलीन स्वामी परमानन्द का अहम योगदान रहा। उनके विचार सदैव समाज को प्रेरणा देते रहेंगे। कार्यक्रम में महंत रूपेंद्र प्रकाश, महंत श्याम प्रकाश, महंत दुर्गादास, महंत सूरजदास, महंत कैलाश



मुनि, महंत निर्भय सिंह, महंत राघवेंद्र दास, महंत गोविंद दास, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी दिनेश दास, स्वामी संतोषानंद, स्वामी नागेंद्र, महंत रघुवीर दास महंत बिहारी शरण ने भी ब्रह्मलीन स्वामी परमानन्द को नमन किया। महंत देवानंद व महंत श्याम प्रकाश ने सभी संत महापुरूषों का आभार व्यक्त किया।

# सेनानायक अर्पण यदुवंशी के निर्देशन में गंगा दशहरा पर अलर्ट मोड़ पर रही एसडीआरएफ

## हरकी पौड़ी सहित विभिन्न घाटों पर रही सख्त निगरानी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गंगा दशहरा पर्व पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच एसडीआरएफ उत्तराखंड पूरी तरह सतर्क नजर आई। सेनानायक अर्पण यदुवंशी के निर्देश पर हर की पैड़ी समेत विभिन्न गंगा घाटों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। पर्व के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई, जिसके चलते संवेदनशील घाटों पर अतिरिक्त एसडीआरएफ टीमें तैनात रहीं।

सेनानायक एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी के निर्देशन में फ्लड रेस्क्यू टीमों को विशेष सतर्कता बरतने और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। एसडीआरएफ की टीमें हर की पैड़ी सहित विभिन्न घाटों और प्रमुख स्थानों पर लगातार निगरानी करती रहीं। टीमों ने मोटर बोट, डगी और राफ्ट के माध्यम से गंगा नदी में लगातार गश्त की। साथ ही श्रद्धालुओं को तेज बहाव और गहरे पानी वाले क्षेत्रों में न जाने के लिए जागरूक किया गया। इसी दौरान हरिद्वार क्षेत्र में दो श्रद्धालु गंगा के तेज बहाव में बहने लगे और पुल के नीचे लगी सुरक्षा जंजीरों में फंस गए। मौके पर मौजूद एसडीआरएफ टीम ने तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाकर दोनों श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। समय रहते कार्रवाई होने से बड़ा हादसा टल गया। सेनानायक एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि गंगा स्नान के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन करें, निर्धारित स्थानों पर ही स्नान करें तथा प्रशासन और रेस्क्यू टीमों द्वारा जारी निर्देशों का पालन अवश्य करें।



## डूब रहे युवक को किया रेस्क्यू

**हरिद्वार।** गंगा दशहरा पर्व के दौरान हाथी पुल क्षेत्र में गंगा के तेज बहाव में फंसे हरियाणा निवासी एक व्यक्ति को एसडीआरएफ ने सकुशल रेस्क्यू कर लिया। जानकारी के अनुसार झज्जर, हरियाणा निवासी 45 वर्षीय टीनू कुमार गंगा स्नान के दौरान तेज बहाव में बह गया और सुरक्षा जंजीर में फंसकर लटक गया। मौके पर तैनात एसडीआरएफ टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। रेस्क्यू के बाद टीम ने व्यक्ति को समझाइश देते हुए नशे की हालत में गंगा में स्नान न करने की हिदायत दी। बाद में उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। घटना के बाद श्रद्धालुओं और परिजनों ने एसडीआरएफ टीम का आभार जताया।

## गोर्खाली सुधार सभा हरिद्वार शाखा का वार्षिक अधिवेशन आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गोर्खाली सुधार सभा हरिद्वार शाखा का चतुर्थ वार्षिक अधिवेशन रानीपुर स्थित सामुदायिक केन्द्र में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष शमशेर बहादुर बम ने गत वर्ष के कार्यों एवं आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए समाज की एकता और अधिकाधिक सदस्यता पर जोर दिया। इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं सम्मान प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि पदम सिंह थापा ने गोरखा समुदाय के योगदान की सराहना करते हुए युवाओं से अपनी संस्कृति व संस्कारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। स्वामी योगानंद सरस्वती ने समाजिक संस्थाओं से जनहित के कार्यों में सहयोग करने की बात कहीं। कार्यक्रम का संचालन सचिव लोकनाथ सुवेदी ने किया।

# ईश्वर सदैव धर्मपरायण व्यक्ति की करते हैं रक्षा : सहजानंद पुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर स्थित अनमोल आश्रम में ब्रह्मलीन माता दर्शनानंद पुरी की 43वीं पुण्यतिथी संतों व श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति में श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। इस अवसर पर आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी सहजानंद पुरी के संयोजन में आयोजित सत्संग को संबोधित करते हुए म.मं. स्वामी अनंतानंद ने कहा कि गुरू के प्रति निष्ठा और विश्वास ही शिष्य की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि महामंडलेश्वर स्वामी सहजानंद पुरी की उनके गुरूजनों के प्रति निष्ठा सभी के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने माता पिता और गुरूजनों के प्रति सदैव आदर का भाव रखते हुए उनकी सेवा करनी चाहिए। माता पिता और गुरू के आशीर्वाद से सभी संकट दूर होते हैं। परिवार में सुख समृद्धि का वास होता है। जीवन सुखमय व्यतीत होता है। म. मं. स्वामी सहजानंद पुरी ने सभी संतों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ब्रह्मलीन माता दर्शनानंद पुरी के आशीर्वाद और उनसे मिले संस्कारों से ही वे समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरा कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि धर्म और अध्यात्म के मार्ग का अनुसरण करते हुए मानव कल्याण ही प्रत्येक व्यक्ति का उद्देश्य होना चाहिए। धर्म के मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति के जीवन में कभी संकट नहीं आता है। ईश्वर सदैव धर्मपरायण व्यक्ति की रक्षा करते हैं। स्वामी नागेंद्र महाराज ने कहा कि म.मं. स्वामी सहजानंद पुरी विद्वान संत हैं और संतों के सानिध्य में प्राप्त ज्ञान से ही व्यक्ति के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री वीरेश त्यागी ने भी श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए सनातन को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्वामी अभिलाषानंद, स्वामी अमृतानंद, स्वामी सेवकानंद, स्वामी ध्यान सहजानंद, संजीव राणा, गजेंद्र शास्त्री, संतोष शर्मा,ख् अनीता राणा, नीलम कोहली, राजेंद्र मंगल, गजेंद्र शर्मा, कपिल कुमार शर्मा, नरेंद्र गौड़, धर्मदेव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मेरा पुत्र वाजिद मेरे कहने व सुनने में नहीं जिसके चलते अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में इसके किसी भी कृत्य व लेने-देने की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। श्रीमती महरूनी पत्नी स्व0 शमशाद, निवासी इक्कड खूर्द, थाना पथरी, जिला हरिद्वार।

# ऊर्जा कप 2026 में यूपीसीएल गढ़वाल जोन बना चैंपियन, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

शाह टाइम्स संवाददाता





**हरिद्वार।** ऊर्जा विभाग द्वारा आयोजित इंटर डिपार्टमेंट ऊर्जा कप-2026 क्रिकेट प्रतियोगिता सफलता पूर्वक संपन्न हो गई। प्रतियोगिता में यूपीसीएल, पिटकुल समेत ऊर्जा विभाग की विभिन्न टीमों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस दौरान यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक इंजीनियर गजेंद्र सिंह बुडियाल ने सभी को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। खिलाड़ियों ने अनुशासन, समर्पण और खेल भावना का परिचय देते हुए बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला यूपीसीएल गढ़वाल जोन और पिटकुल के बीच खेला गया। जिसमें यूपीसीएल गढ़वाल जोन ने शानदार जीत दर्ज कर इंटर डिपार्टमेंट ऊर्जा कप 2026 की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। कार्यक्रम में यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक इंजीनियर गजेंद्र सिंह बुडियाल की गरिमामयी उपस्थिति खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रही। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेल केवल जीत और हार का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, संघर्ष और टीम भावना का प्रतीक भी है। इस अवसर पर मुख्य अभियंता शेखर चंद्र त्रिपाठी, अधीक्षण अभियंता प्रदीप चौधरी, अधीक्षण अभियंता अमित कटारिया व अधिशासी अभियंता शहर दीपक सैनी भी विशेष रूप से मौजूद रहे। अधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया। किरण सिंह को मैन ऑफ द टूर्नामेंट, शुभम भंडारी को बेस्ट बैटर ऑफ द टूर्नामेंट तथा हरिद्वार जोन के कप्तान अक्षय कुमार सिंह को बेस्ट बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार प्रदान किया गया। आयोजन समिति में अक्षय कुमार सिंह, सचिन गिरी, हेमंत मलिक, राजेश पाल, राम कुमार, राहुल गिरी समेत अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन समिति ने सभी टीमों, अधिकारियों, दर्शकों और सहयोगियों का सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

# प्लाट की मांग पूरी न होने पर पत्नी को दिया तीन तलाक

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र में एक विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने और तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। पीड़िता के भाई ने पति और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर मारपीट, दहेज उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, खालिद निवासी दादूपुर गोविंदपुर, बहादराबाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन महताब की शादी 25 मार्च 2018 को घिस्सुपुरा, धनपुरा निवासी मुसर्रत के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति मुसर्रत, ससुर निसार अहमद, देवर मुस्तकीम, मुंतजिर और मुंतियाज दहेज में कम सामान लाने का ताना देकर महताब को परेशान करते थे। ससुराल पक्ष एक लाख और प्लॉट की मांग कर रहा था।आरोप है कि कई बार समझाने और समाज के जिम्मेदार लोगों के समझौते के प्रयास के बावजूद ससुराल पक्ष का व्यवहार नहीं बदला। और 23 मई को दोपहर को महताब के साथ उसके पति और ससुर ने कमरे में घुसकर मारपीट की। इसी दौरान पति ने तीन बार तलाक तलाक बोलकर विवाह खत्म करने की बात कही और कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष रवींद्र कुमार ने बताया कि महिला से मारपीट व तीन तलाक के मामले में पति सहित चार लोगों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**सूचना**

मेरे व्यवहारी मौ0 शमीम पुत्र श्री हाशिम की सम्पत्ति का पुराना बैनामा जो की मौ0 इकबाल पुत्र मौ0 यामीन के हक में किया था। जो बही नं0-1, जिल्द नं0-1005, पृष्ठ नं0-237 से 252, क्रमांक नं0-6362, दिनांक 10.12.2010 पर पंजीकृत है जो कहीं खो गया है व यदि किसी को यह दस्तावेज मिलता है या किसी को कोई आपत्ति हो, तो कृप्या 7 दिन के भीतर सम्पर्क करें। - वीरेंद्र सिंह, एडवोकेट, चैंबर नं. 27, तहसील रुड़की मो0 नं0 9412073170

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**

ब्यूरो चीफ

**शाह टाइम्स हरिद्वार**

कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार

मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# गाड़ी में जबरदस्ती ले जाकर मारपीट की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**■ आरोपी राघव को थाना परिसर से ही पूछताछ के बाद किया गया गिरफ्तार, कई धाराओं में दर्ज किया गया मुकदमा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** अब्दुल सलाम पुत्र जागीर हसन निवासी ग्राम केदारावाला कोतवाली सहसपुर ने कोतवाली सहसपुर पर तहरीर दी गई कि राघव पुत्र अज्ञात व 6-7 अन्य व्यक्तियो के द्वारा एक राय होकर बालूवाला में वादी/पीडित की मो0सा0 यूके07 बीएफ2073 को रोककर मारपीट करना तथा जबरदस्ती गाडी मे बैठाकर शंकरपुर की तरफ ले जाना, गाली गलौज कर धमकाकर 5000 रुपये लूट लेने सम्बन्धी प्राप्त हुयी है।

थाना सहसपुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर विभिन्न धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर विवेचना एसआई नीरज त्यागी को सुपुर्द की गई। एसआई नीरज त्यागी द्वारा घटना के सम्बन्ध में साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुये मुकदमें में धारा 309(4) बी0एन0एस0 के साक्ष्य न पाये जाने पर धारा का विलोपन कर अग्रिम विवेचना बीएनएस में प्रचलित रखते हुये मुकदमें में नामजद आरोपी राघव शर्मा पुत्र संजय शर्मा निवासी मौहल्ला कोटला थाना गंगोह जिला सहारनपुर यूपी हाल पता बंजारा गली थाना सेलाकुई से पूछताछ करने पर घटना में संलिप्तता पाये जाने, प्रकरण अलग-अलग समुदाय से सम्बन्धित होने के कारण शान्ति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत मुकदमे की गम्भीरता को देखते हुये आरोपी राघव को थाना परिसर से ही पूछताछ के पश्चात् गिरफ्तार किया गया। शेष आरोपियों के विरूद्ध साक्ष्य संकलन की कार्यवाही प्रचलित है। पुलिस आरा. पी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस टीम में एसआई नीरज कुमार, हेड कांस्टेबल डब्बल सिंह, सिपाही त्रेपन सिह शामिल रहे।

# विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस से पूर्व जागरूकता अभियान आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में जौनसार बावर जनजातीय कल्याण समिति, दिल्ली द्वारा जौनसार बावर स्टूडेंट्स एसोसिएशन, दिल्ली के सहयोग से मनोहर पार्क, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम के समीप मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। प्रातः 9 बजे से 11:30 बजे तक चले इस अभियान में जेएलएन स्लम क्षेत्र की सैकड़ों किशोरियों, महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया।

अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण तथा समग्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने मासिक धर्म से जुड़े मिथकों को दूर करते हुए स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद महिलाओं एवं किशोरियों को सेनेटरी पैड, अंत:वस्त्र, साबुन, पीने का पानी, चॉकलेट और फ्रूटी सहित स्वच्छता किट वितरित किए गए। स्वास्थ्य सत्र में डॉ. पूनम पंवार, वरिष्ठ फार्मासिस्ट विनाक्षी पंवार तथा डॉ. अभिलाषा नेगी ने महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता, संक्रमण से बचाव और पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में जौनसार बावर स्टूडेंट्स एसोसिएशन की छात्राओं ने स्वयंसेवक के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई। एसोसिएशन की अध्यक्ष अपराजिता नेगी, उपाध्यक्ष ऋतिका राणा, टीम सदस्य स्नेहा पंवार, जिज्ञासा राय सहित योग्यता, हिमांशी एवं श्रेया उपस्थित रहीं।

# बच्चों के लिए गर्मी व लू से बचाव को 'बीट द हीट' थीम पर मनोरंजक गतिविधियों को आयोजन

**गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य व जल की आवश्यकता के प्रति किया जागरूक**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** द एनफील्ड विद्यालय के छोटे बच्चों के लिए भीषण गर्मी एवं लू से बचाव के उद्देश्य से "बीट द हीट" थीम पर मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पूल पार्टी एवं विभिन्न जल क्रीड़ाओं का भरपूर आनंद लिया। बच्चों को शरीर में पानी की कमी से बचाने हेतु अनेक प्रकार के स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ भी उपलब्ध कराए गए। इन गति. विधियों का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य एवं जल की आवश्यकता के प्रति जागरूक करना था।

इसी क्रम में विद्यालय के शिवांशु तोमर ने हिन्दुस्तान ओलम्पियाड में जिला स्तर पर द्वितीय स्थान, हर्ष चौहान ने तृतीय स्थान तथा ध्रुव चौहान ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। अन्य कई विद्यार्थियों को भी सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आज सोमवार को विद्यालय प्रार्थना सभा में विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओपी चुग ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जिलाधिकारी ने ऑल सेन्ट कॉन्वेंट स्कूल प्रबंधन के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल द्वारा सोमवार को ऑल सेन्ट कॉन्वेंट स्कूलए नई टिहरी के प्रबंधक के साथ अभिभावकों की ओर से प्राप्त विभिन्न शिकायतों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान विद्यालय शुल्क फीसद्ध से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुईए जिसमें अभिभावकों द्वारा उठाई गई शिकायतों एवं सुझावों पर विचार.विमर्श करते हुए विषय का समाधान किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के लिए ली जाने वाली फीस के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि विद्यालय में आने वाले अभिभावकों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना जाए तथा उनका समयबद्ध एवं सकारात्मक समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर संवाद एवं समन्वय बनाए रखना आवश्यक हैए जिससे विद्यार्थियों के हित में बेहतर शैक्षणिक वातावरण विकसित हो सके। बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी पूनम चौहान तथा ऑल सेन्ट कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधक जॉस टीण् जेण् उपस्थित रहे।

# मन्नत पूरी होने पर घर पधारे महासू देवता

**■ सकनी गाँव में गूँजे जयकारे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** जौनसार-बावर की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा के अंतर्गत मन्नत पूरी होने पर देवता को अपने घर आमंत्रित करने की अनूठी प्रथा का निर्वहन सोमवार को सकनी गाँव में किया गया। कालसी ब्लॉक के पंचरा (भंजरा) स्थित महासू देवता मंदिर से देव पालकी की पदयात्रा के साथ खत एक रात्रि प्रवास के लिए सकनी गाँव पहुँची।

सकनी गाँव निवासी देवमाली नारायण सिंह पंवार ने बताया कि पूर्व में जब उनके परिवार का कठिन समय चल रहा था, तब उन्होंने पंचरा स्थित महासू देवता के दरबार में हाजिरी लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि की मन्नत मांगी थी। उन्होंने संकल्प लिया था कि मन्नत पूर्ण होने पर वे देवता की पालकी को अपने घर आमंत्रित करेंगे। संकल्प पूरा होने पर रविवार को नारायण सिंह पंवार अपने पुत्र कलम सिंह पंवार, प्रीतम सिंह पंवार व कुछ ग्रामीणों के साथ भंजरा गाँव स्थित महासू देवता मन्दिर में देवता को निमंत्रण देने पहुचें। सोमवार को शुभ मुहूर्त पर मंदिर के गर्भ गृह से देव पालकी को बाहर निकाला गया। इस दौरान देव पुजारी, वजीर, भंडारी, ठाणी और अन्य देव कारिंदों की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना की गई।



मंदिर से प्रस्थान कर देवपालकी सुरेऊ, खराया, पजिटीलानी, कोठा, ककाडी और कनबुआ होते हुए सकनी गाँव पहुँची। जैसे ही देव पालकी सकनी गाँव पहुँची, पूरा क्षेत्र महासू देवता के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

परिवार की महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से धूप-दीप जलाकर देवता का स्वागत किया। इस अवसर पर आसपास के गाँवों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान पुजारी शुभम शर्मा, वजीर दिगंबर सिंह राणा, प्रताप सिंह, भंडारी रमेश चौहान, देव माली श्याम दत्त शर्मा, दीवान सिंह, दत्तराम पंवार, खजाना सिंह, तुलसी राम, जवाहर सिंह चौहान और कांति राणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और देव कारिंदे मौजूद रहे।

**एक नजर .......**

## नाबालिग को बहला फुसलाकर यौन उत्पीड़न करने वाला गिरफ्तार



**सहिया।** थाना त्यूनी क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर यौन उत्पीड़न करने वाले को थाना त्यूनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को रिमांड के लिए कोर्ट में पेश किया गया। थाना त्यूनी क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर यौन उत्पीड़न करने के संबंध में बीते रोज रविवार को धारा 137(2), 65(1) बी0एन0एस0 व पोक्सो अधिनियम बनाम अनस पंजीकृत हुआ था। जिसकी विवेचना महिला उप निरीक्षक हेमा बिष्ट थाना कालसी द्वारा संपादित की जा रही थी। दौराने विवेचना के क्रम में आज सोमवार को मुकदमा में नामजद/वाछिंत आरोपी अनस पुत्र शाहिद निवासी ग्राम कुल्हाल, कोतवाली विकासनगर उम्र 19 वर्ष को सुबह के समय चकराता रोड में स्थित ग्राम सुखेड से पहले मिक्सर प्लांट के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने रिमांड के लिए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# इंटर कॉलेज क्वांसी का द्वितीय वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न

**■ मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज क्वांसी में द्वितीय वार्षिक उत्सव, प्रतिभा सम्मान एवं सम्मान समारोह बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रतिभाग कर विद्यालय परिवार का उत्साहवर्धन किया।



समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक समता एवं क्षेत्र प्रतिनिधि कुंवर सिंह चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बीडीसी सदस्य कांति राम शर्मा, प्रधान प्रभु लाल, प्रधान वीरेंद्र सिंह (टाबरा), पीटीए अध्यक्ष अजब सिंह चौहान, एएसएमसी अध्यक्ष चमन सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, विजय सिंह चौहान एवं पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष सूर्यपाल चौहान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वार्षिक उत्सव के अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगा. रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में कुमाऊँनी, जौनसारी, गढ़वाली एवं पंजाबी लोकनृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। समारोह का मुख्य उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित करना था। इसी क्रम में शैक्षिक सत्र 2025-26 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने वाले विद्यालय के तीन छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य यशपाल राणा द्वारा फूल-मालाओं के साथ सम्मानित किया गया। वहीं राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने वाले लगभग 15 छात्र-छात्राओं को भी मोमेंटो एवं माल्यार्पण कर सम्मान प्रदान किया गया।

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले सात विद्यार्थियों तथा मुख्यमंत्री उद्यमान छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले सात विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में जिला स्तर पर प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं और एनएमएमएस परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य यशपाल राणा ने विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया।

# बूथ लेवल एजेंटों का एक दिवसीय प्रशिक्षण

**नई टिहरी।** विधानसभा प्रतापनगर के रजाखेतए रामगढ एंव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी प्रतापनगर के छूटे हुए बीएलए 2 बूथ लेवल एजेंटों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला खाण्ड रजाखेत मे संपन्न हुई। जिसमे बीएलए ऐंजेंटों को मतदाता सूचि पुर्नरीक्षण कार्य की बारीकी से जानकारियां देकर प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर कार्यशाला के मुख्य अतिथि प्रतापनगर के विधायक बिक्रम सिंह नेगी द्वारा सभी बीएलए एजेंटों को अंगवस्त्र एंव स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध एवं सही मतदाता सूची अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित नहीं रहना चाहिए।

और न ही किसी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल होना चाहिए। विधायक ने सभी बीएलए कार्यकर्ताओं से गांव मे घर घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करने तथा जिन लोगों के नाम सूची में दर्ज नहीं हैं । उन्हें बीएलओ का सहयोग लेकर मतदाता सूचि मे दर्ज करायें । कार्यशाला में कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष मुरारी लाल खंडवा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मान सिह रौतेला जिला पंचायत सदस्य विजयपाल रावत संगठन सृजन प्रभारी शक्ति प्रसाद जोशी, मुन्नी बिष्ट, लखबीर चौहान, दिनेश कुमार, बिजेंद्र सिह रावत, प्यारी देवी, लक्ष्मी देवी, हंसा रमोला, शौरभ रावत, बचन सिह रावत, सूरत सिह महर, नरेंद्र सिह रावत, भीम सजवाण, मोहन लाल ममगाई, संपत लाल, गब्बर सिह नेगी आदि मौजूद थे।

## कार्यालय जिला पंचायत रूद्रप्रयाग

संख्या: 446/निर्माण-05/2026 दिनांक 25.05.2026

**निविदा सूचना**

जिला पंचायत रुद्रप्रयाग में विभिन्न मदों के अन्तर्गत संलग्न सूची के अनुसार विकास कार्यों के निर्माण हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबन्द निविदायें दिनांक 10/06/2026 को 2.00 बजे अपराह्न तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन 3.00 बजे सायं को उपस्थित उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ 3 प्रतिशत धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र/बैंक की एफ.डी.आर. के रूप में अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत रूद्रप्रयाग के पद नाम से बन्धक कर प्रस्तुत करनी होगी। प्रत्येक निविदा के साथ रूपये 100.00 का नान जूडिशियल स्टाम्प पेपर व 1.00 रूपये का रसीदी टिकट लगाकर ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र दिनांक 09.06.2026 को अपराह्न 4.00 बजे तक जिला पंचायत के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। प्रत्येक निविदादाता को निविदा प्रपत्र में अपनी दरों का प्रतिशत में स्पष्ट उल्लेख करना होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आंगणन की धनराशि (लाख में) | धरोहर धनराशि 3 प्रतिशत | निविदा की वैद्यता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का शुल्क / जी.एस.टी. 18 प्रति. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नारायणकोटी से कुठेडा जाखराजा मंदिर जाने वाले रास्ता पर इन्टरलॉक टाईल्स निर्माण। | 500000 | 15000 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18 प्रतिशत |
| 2 | ग्रा.स. तेवडी में पंचायत चौक सुधारीकरण कार्य। | 400000 | 12000 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18 प्रतिशत |
| 3 | ग्रा.पं. उषाडा में जल निकासी हेतु नाली निर्माण कार्य। | 470000 | 14100 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18 प्रतिशत |
| 4 | ग्रा. स. भ्यूंता के सेरा तोक में प्रसूति गृह निर्माण कार्य। | 360000 | 10800 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18 प्रतिशत |
| 5 | ग्रा. स. सेमलता के डूंगरा में सडक से पंचायत भवन तक सी०सी० मार्ग निर्माण कार्य। | 360000 | 10800 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18 प्रतिशत |
| 6 | ग्रा. पं. जैली में मन्दिर सौन्दर्गीकरण कार्य। | 500000 | 15000 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18 प्रतिशत |
| 7 | ग्रा. चमस्वाडा में रास्ता एंव रैलिंग निर्माण। | 280000 | 8400 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18 प्रतिशत |
| 8 | प्रा०वि० डोगी में प्रार्थना स्थल में इन्टरलॉक टाईल्स निर्माण कार्य। | 300000 | 9000 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18 प्रतिशत |
| 9 | ग्रा.पं. घेघडखाल के स्वीली में चण्डिका मंदिर में कक्षा कक्ष निर्माण। | 500000 | 15000 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18 प्रतिशत |
| 10 | ग्रा.पं. कुमडी के कुष्माणा मंदिर सौन्दर्याकरण। | 500000 | 15000 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18 प्रतिशत |
| 11 | घोलतीर कोट जसोली प्रारम्भ मोटर मार्ग पर गैट निर्माण। | 400000 | 12000 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18 प्रतिशत |
| 12 | पूर्वी बांगर धरासू का मुख्य गेट निर्माण। | 500000 | 15000 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18 प्रतिशत |
| 13 | मुस्यागांव में इन्टरलॉक मार्ग निर्माण। | 400000 | 12000 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18 प्रतिशत |
| 14 | ग्रा.प. सकलाना में पेयजल योजना का निर्माण। | 415000 | 12450 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18 प्रतिशत |
| 15 | ग्रा.पं. सिल्ला बामणगांव के बमणगांव तोक में टेंक निर्माण। | 275000 | 8250 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18 प्रतिशत |
| 16 | ग्रा.पं. डांगी के मुस्लिम बस्ती में टेंक निर्माण। | 275000 | 8250 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18 प्रतिशत |
| 17 | ग्रा.स. मरगांव के अन्तर्गत जून्टई घण्डियालधार में मूत्रालय/ शौचालय | 433000 | 12990 | 45 दिन | 3 माह | 1000 +18 प्रतिशत |

**शेष शर्त-**

1. फर्म/ठेकेदार को निविदा बिक्री से पूर्व जिला पंचायत रूद्रप्रयाग में ए एंव बी श्रेणी में पंजीकृत होना अनिवार्य है।
2. अनुबन्ध के समय 5 प्रतिशत धरोहर धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा।
3. निविदा के साथ ठेकेदार को अपना बैंक खाता एवं जी०एस०टी० की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. सशर्त निविदा/अपूर्ण निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
5. निविदा बिक्रय एवं खोलने की तिथि को अवकाश होने की दशा में, निविदा अगले कार्यदिवस में बेची/खोली जायेगी।
6. एजेन्सी द्वारा किसी अन्य संस्था को कार्य सबलेट नही किया जायेगा।
7. कार्य सन्तोषजनक ढंग से पूर्ण होने पर ही भुगतान किया जायेगा।
8. निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दर के अन्तर्गत ही प्रत्येक कार्य पर साइन बोर्ड लगाया जाना आवश्यक होगा।
9. जिला पंचायत के बकायादार को निविदा बिक्रय नहीं की जायेगी।
10 .स्थानीय खनन हेतु भूतत्व एंव खनिकर्म ईकाई कार्यालय रूद्रप्रयाग से अनुमति लेनी स्वंय ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी।
11. अन्य शर्ते एवं कार्य के निमित विशिष्टियों की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में जिला पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**(संजय कुमार)**
**प्र. अपर मुख्य अधिकारी,**
**जिला पंचायत रूद्रप्रयाग**

**(पूनम कठैत)**
**अध्यक्ष**
**जिला पंचायत रूद्रप्रयाग**

## क्रय विक्रय समिति मांजफ का चुनाव संपन्न

**नई टिहरी।** प्रतापनगर फलोद्यान एवं विपणन सहकारी क्रय.विक्रय समिति मांजफ के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश भट्ट को सरपंच की चुना गया।

इसके अलावा बेबी असवाल बैंक प्रतिनिधिए प्यार सिंह उप सभापतिए घनश्याम नौटियाल सहकारी संघ देहरादून व डीसीबी टिहरीए आनंद सिंह प्रतिनिधि यातायातए कृष्ण स्वरूप डबराल सहकारी संघ हल्द्वानीए काल्या लालए गीता नौटियाल को भी सदस्य चुना गया। नवनिर्वाचित सरपंच कमलेश भट्ट ने प्रतापनगरए जाखणीधारए थौलधार की जनताए संचालक मंडल और भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार जताया है। कहा कि सहकारिता चुनाव में सीएम पुष्कर सिंह धामी और सहकारिता मंत्री डॉण् धन सिंह रावत के नेतृत्व में भाजपा परचम लहराएगी। प्रयास रहेगा कि सहकारिता आंदोलन को जन.जन तक पहुंचाकर लोगों की आजीविका संवर्धन के लिए कार्य करेंगे।

# कई वार्डों में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमराई: शम्मी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

विकासनगर। शहर के पहाड़ी गली क्षेत्र में पिछले डेढ़ माह से जारी पेयजल संकट को लेकर स्थानीय लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लगातार शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान न होने पर सोमवार को पूर्व सभासद शम्मी प्रकाश के नेतृत्व में वार्डवासियों ने जल संस्थान कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। साथ ही चेतावनी दी कि यदि दो दिन के भीतर जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो जल संस्थान कार्यालय पर तालाबंदी कर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान जलकल अभियंता ने वार्डवासियों से दो दिन का समय मांगा और जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्व सभासद शम्मी प्रकाश ने कहा कि पहाड़ी गली सहित आसपास के कई इलाकों में पिछले डेढ़ माह से पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।



**■ वार्डवासियों का पानी की किल्लत को लेकर जल संस्थान कार्यालय पर प्रदर्शन, दो दिन में व्यवस्था सुधारने की दी चेतावनी, नहीं तो तालाबंदी**

लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं, लेकिन जल संस्थान के अधिकारी समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत करने और अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे लोगों में भारी रोष है।

सभासद भारत कालरा ने कहा कि वार्ड नंबर 8 में भी पेयजल आपूर्ति पूरी तरह सुचारू नहीं है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कांग्रेस नेता राजीव शर्मा ने बताया कि शिवलोक कॉलोनी सहित वार्ड 5 और दुर्गा विहार क्षेत्र में भी जलापूर्ति बाधित है और लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन देने वालों में पूर्व सभासद शम्मी प्रकाश, भारत कालरा, मयंक गुप्ता, सुशील जैन, नितिन कोहली, राजीव शर्मा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

# बकरीद पर्व:कुर्बानी स्थलों का किया गया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** सीओ विकासनगर व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सहसपुर द्वारा संयुक्त रूप से आगामी आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को सकुशल सम्पन कराये जाने को थाना क्षेत्र में दोनो कुर्बानी स्थल खुशहालपुर व रामपुर व ईदगाहो का मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया तथा मौके पर मौजूद अन्य मुस्लिम समुदाय के लोगो से पर्व के महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर विचार विमर्श कर व्यवस्थाओ के सम्बन्ध में सुझाव प्राप्त किये गये।

वही थाना सेलाकुई पुलिस द्वारा ईद-उल-अजहा (बकरीद) त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु ली गई गोष्ठी शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारे की गई अपील। सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी प्रकार की भ्रामक, काल्पनिक सूचनाओं के प्रेषण से परहेज कहने की हिदायत दी गई। परम्परागत तरीके से त्योहार को मनाने हेतु अपील की गई। कुर्बानी बन्द स्थान पर करने तथा कुर्बानी के पश्चात अवशेषों को बापर्दा ले जाने एवं निर्धारित स्थान पर नष्ट करने की हिदायत दी गई।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सोसाइटी फार एक्शन इन माउंटेन विलेज डेवलपमेंट एंड इनिशियेटिव्स (संवेदी) पंजीकृत कार्यालय 38, सुमन नगर, धर्मपुर, देहरादून, उत्तराखंड द्वारा नवीनीकरण हेतु आवेदन किया गया है। यदि इस संबंध में किसी व्यक्ति व संस्था या अन्य कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति उप निबन्धक, फर्म्स सोसाइटी एवं चिट्स, प्रथम तल, एकीकृत भवन, नियर आर0बी0आई0, आई0टी0 पार्क, सहत्रधारा रोड, देहरादून के कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिवस पर कार्यकर्ता व पदाधिकारी सम्मानित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के जन्मदिवस के अवसर पर एवं गंगोत्री से गंगासागर तक कमल खिलाने वाले समर्पित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के सम्मान में वरिष्ठ भाजपा नेता जोगेंद्र सिंह पुंडीर ने भव्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सम्मान समारोह का आयोजन किया।

21 कैंट विधानसभा अंतर्गत कांवली स्थित आवास पर कार्यक्रम में नगर निगम देहरादून के महापौर सौरभ थपलियाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती, राष्ट्रसेवा एवं समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का वातावरण राष्ट्रभक्ति एवं संगठनात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत दिखाई दिया। इस अवसर पर नंदा देवी मंडल में निवासरत मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष, सक्रिय कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन के प्रति अपने समर्पण एवं मेहनत का सम्मान बताते हुए जोगेंद्र पुंडीर का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की हाल ही में तीन राज्यों में हुई ऐतिहासिक विजय पर भी अपना मार्गदर्शन देते हुए कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा, जनकल्याणकारी नीतियों एवं करोड़ों समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राकेश गिरी, हरिओम ओमी, डॉ. उदय पुंडीर, प्रवेश मग्गू, समिधा गुरुंग, विनोद पवार, अशीष शर्मा ,पार्षद रेणु देवी, पार्षद बबीता गुप्ता, पार्षद संजय सिंघल, सोनू बाबूराम, सूरज प्रकाश भाटिया, कविता चौहान, मुक्त वर्मा, भगत भंडारी, धीरज ग्रोवर, अनुराज छेत्री, नवल थापा, रिता विशाल, अनीता मल्होत्रा, सुप्रिया डोभाल, चंपा महाजन, पवन डबराल, एसपी सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

यह सम्मान समारोह नंदा देवी मंडल अध्यक्ष सुमित पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री शेखर नौटियाल एवं मंडल महामंत्री विकास बेनीवाल ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, बूथ स्तर तक पार्टी को सशक्त करने एवं आगामी चुनावों में भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाने का संकल्प लिया।



मेयर सौरभ थपलियाल व जोगेंद्र पुंडीर ने किया विभिन्न प्रदेशों में कमल खिलाने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान

### भाजपा कार्यकर्ताओं की मजबूत संगठनात्मक संरचना ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत: पुण्डीर

कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता जोगेंद्र पुंडीर ने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रहित एवं जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक विशाल परिवार है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण एवं बूथ स्तर तक की मजबूत संगठनात्मक संरचना ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम के कारण ही भारतीय जनता पार्टी आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनकर देश एवं प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, युवा, महिला एवं वंचित वर्ग के उत्थान हेतु अनेक ऐतिहासिक एवं जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं। उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि, हर घर जल योजना, स्वच्छ भारत अभियान एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। जोगेंद्र पुंडीर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार भी विकास, सुशासन एवं जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए निरंतर आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार युवाओं को रोजगार, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

# नई बुलंदियों को छू रही केदारनाथ धाम यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध 11वें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम की यात्रा इस वर्ष आस्था, विश्वास और सुव्यवस्थित प्रबंधन के साथ सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। वर्ष 2026 की केदारनाथ यात्रा ने अब तक के कई पुराने रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिए हैं और अब तक साढ़े 8 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित कर चुके हैं।

हर दिन हजारों श्रद्धालुओं की भारी आमद के बावजूद जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, आपदा प्रबंधन एवं विभिन्न सेवा एजेंसियों द्वारा यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। यात्रा मार्ग से लेकर धाम तक श्रद्धालुओं के लिए रहने, भोजन, पेयजल, शौचालय, स्वास्थ्य जांच और आपातकालीन सेवाओं की बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

पैदल यात्रा मार्ग पर जगह-जगह पेयजल केंद्र, साफ-सुथरे शौचालय, मेडिकल सहायता केंद्र और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती श्रद्धालुओं को राहत प्रदान कर रही है। वहीं धाम में स्वास्थ्य सेवाओं को भी उच्च स्तर पर संचालित किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

यात्रा व्यवस्थाओं से संतुष्ट श्रद्धालु प्रशासन और सरकार की व्यवस्थाओं की खुलकर सराहना कर रहे हैं। इंदौर से बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु गजेंद्र ठाकुर ने बताया कि उन्होंने पैदल यात्रा की और पूरे मार्ग में उन्हें बेहतर सुविधाएं मिलीं। उन्होंने कहा कि पेयजल व्यवस्था सुचारू रही, शौचालय साफ-सुथरे थे तथा धाम में रहने और भोजन की व्यवस्थाएं भी संतोषजनक रहीं। उत्तर प्रदेश के शामली से आए श्रद्धालु सजीव कुमार ने कहा कि धाम में भारी भीड़ के बावजूद प्रशासन द्वारा व्यवस्थाओं को बेहद व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लाखों श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं संभालना आसान कार्य नहीं होता, लेकिन प्रशासन ने इसे प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया है।

वहीं मुंबई से पहुंचे श्रद्धालु हर्षित ने भी यात्रा व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि धाम में प्रशासनिक टीमें हर समय श्रद्धालुओं की सहायता के लिए तत्पर दिखाई देती हैं। उन्होंने कर्मचारियों के व्यवहार और सेवा भावना की भी सराहना की। आस्था और श्रद्धा के इस महापर्व में प्रशासन की सतर्कता, बेहतर प्रबंधन और श्रद्धालुओं का उत्साह मिलकर केदारनाथ यात्रा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है।



अब तक साढ़े 8 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा केदार के दर्शन, यात्रियों ने की व्यवस्थाओं की खुलकर सराहना

# गंगादशहरा पर गोलोक धाम पहुंचे राज्यमंत्री रामसुंदर नौटियाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** गंगादशहरा के पावन अवसर पर भागीरथी घाटी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं राज्यमंत्री रामसुंदर नौटियाल ने गोलोक धाम पहुंचकर राष्ट्रीय संत परम पूज्य गुरुदेव गोपाल मणि महाराज के श्रीमुख से अमृतमयी धेनुमानस कथा का श्रवण किया। कथा के दौरान उन्होंने दिव्य आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त करते हुए प्रदेश एवं जनमानस के कल्याण की कामना की।

इस अवसर पर राज्यमंत्री ने पूज्य गुरुदेव से आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश में सुख, समृद्धि एवं शांति बनाए रखने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज को संस्कृति एवं सनातन मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं।

■ धेनुमानस कथा श्रवण कर लिया आशीर्वाद, प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना

बताया गया कि पिछले एक वर्ष से निरंतर प्रवाहित हो रही एकादिवसीय गोकथा का पावन समापन आगामी 5 जून को होगा। कथा आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे हैं। पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति, श्रद्धा एवं सनातन संस्कृति की अलौकिक छटा देखने को मिली। कथा स्थल भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा और श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन एवं कथा श्रवण का आनंद लिया।

# जिलाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला सभागार में जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार कार्यक्रम में जनपदवासियों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया। इस अवसर पर कुल 41 आवेदन पत्र प्राप्त हुएए जो पेयजलए विद्युतए मुआवजाए पेंशन सहित अन्य विषयों से संबंधित रहे। कार्यक्रम के दौरान सीएम हेल्पलाइन एवं जन समर्पण पोर्टल पर दर्ज लंबित शिकायतों की समीक्षा भी की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का समयान्तर्गत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा जिन प्रकरणों का समाधान हो चुका हैए उन्हें तत्काल पोर्टल पर अपडेट किया जाए। जिलाधिकारी टिहरी ने बैठक में अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी को भू.कानून के अनुपालन को लेकर पुन: विशेष अभियान चलाने तथा बिजली चोरी की रोकथाम हेतु नियमित जांच के निर्देश दिए। सभी उप जिलाधिकारियों को वन भूमि एवं सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग को अतिक्रमण वाले स्थलों को चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराने को कहा। एवं जिला पूर्ति अधिकारी मनोज डोभाल को राशन कार्ड सत्यापन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों का सत्यापन समयबद्ध एवं गंभीरता से सुनिश्चित किया जाए ताकि योजनाओं का लाभ सही व्यक्तियों तक पहुंच सके। इस दौरान तहसील प्रतापनगर के ग्राम ओखला निवासिनी तन्नु द्वारा अवगत कराया गया कि प्राथीनी ने वर्ष 2025 में इण्टर की परीक्षा पास की थीए किन्तु अभी तक नन्दा गौरा योजना का लाभ नहीं मिल पाया। जिस पर डीपीओ को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये। तहसील जाखणीधार के ग्राम गराकोटए लामरीधार निवासी जगदीश सिंह पंवार द्वारा कोटी गराकोट मोटर मार्ग किमी 24 पर प्रार्थी का खेत बिना मुआवजे दिये काटने की शिकायत परए ईई लोनिवि बौराडी को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम घुड़्घ्साल गांव निवासियों प्रताप सिंहए नरेन्द्र सिंह मंगल सिंहए सुनीता देवीए सुशील सिंह द्वारा सौंग बांध में उनकी भूमि अर्जन की गयी थीए जिसमें आधा भूमि का ही मुआवजा दिया जा रहा हैए जब तक पूर्ण अर्जन की गयी भूमि का मुआवजा नहीं दिया जायेगाए तब तक आधा नही लेने की बात कही जिसपर एसएलओ को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। तहसील नरेन्द्रनगर ग्राम आर्स निवासिनी ज्ञानदेई द्वारा पेयजल लाइन ठीक कराने तथा सरकारी राशन दिलाने की मांग पर सम्बन्धितों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने फसल का मुआवजा दिलाये जाने व भूमि को ठीक करने की मांग पर आपदा प्रबन्धन व लोनिवि को संयुक्त निरीक्षण कर आवश्यक कार्यकारी कले के निर्देश दिए गए। जनता दरबार में सीडीओ वरुणा अग्रवालए एडीएम शैलेंद्र नेगी एसडीएम टिहरी कमलेश मेहताए सीएमओ डॉ श्याम विजय आईएएस प्रशिक्षु ज्योति सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

■ समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

## एक नजर .......

### मिलावटी रसगुल्ला बेचने पर पर 5000 का अर्थदंड

**नई टिहरी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट न्याय निर्णायक अधिकारी टिहरी गढ़वाल शैलेन्द्र सिंह नेगी द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत घनसाली स्थित गणेश स्वीट शॉप पर 5000 रूपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। प्रकरण वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी की निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर दर्ज किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान से खुले रसगुल्ले का नमूना लिया गया थाए जिसकी जांच राज्य खाद्य प्रयोगशाला रुद्रपुर में कराई गई। जांच रिपोर्ट में नमूना मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया तथा उसमें स्टार्च की उपस्थिति पाई गईए जिसके आधार पर उसे अधोमानक घोषित किया गया। प्रकरण की सुनवाई के उपरांत न्यायालय द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की संबंधित धाराओं के उल्लंघन का दोषी पाते हुए प्रतिष्ठान संचालक पर 5000 रूपये का अर्थदंड लगाया गया। साथ ही निर्धारित अवधि में धनराशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही जनपद टिहरी गढ़वाल में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत खाद्य प्रतिष्ठानों की नियमित जांच के क्रम कार्रवाई की गई है। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा किए गए निरीक्षण में प्रतिष्ठान में कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। निरीक्षण के दौरान रसोई एवं स्टोर क्षेत्र में एक्सपायर्ड खाद्य सामग्रीए खाद्य पदार्थों में कीट पाए जाने खाद्य लाइसेंस प्रदर्शित न होने मेडिकल प्रमाण पत्र उपलब्ध न होनेए पानी की जांच रिपोर्ट न होने तथा स्वच्छता मानकों का उल्लंघन पाए जाने जैसी कमियां सामने आईं। प्रकरण में संबंधित पक्ष को नियमानुसार नोटिस जारी कर सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया। खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### यमुनोत्री विधायक के गांव की सड़क बदहाल, ग्रामीणों ने सिस्टम पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**उत्तरकाशी/बड़कोट।** देश की तरक्की और विकास की राह में भ्रष्टाचार सबसे बड़ा अवरोध बनता जा रहा है। इसका सीधा असर आम जनता और बुनियादी सुविधाओं पर पड़ रहा है। उत्तरकाशी जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत बनी कई सड़कों की गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। कहीं सड़कें उद्घाटन से पहले धंस रही हैं तो कहीं डामरीकरण के कुछ ही सप्ताह बाद गड्ढों में तब्दील हो रही हैं। नगर पालिका परिषद बड़कोट के अंतर्गत ग्राम पंचायत उपराड़ी, साडा एवं वार्ड संख्या चक्रगांव को जोड़ने वाली करीब पांच किलोमीटर लंबी सड़क भी बदहाली का शिकार बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क यमुनोत्री विधायक के गांव को जोड़ती है, लेकिन यहां भी सड़क की स्थिति बेहद खराब है। ऐसे में दूरस्थ गांवों की सड़कों की हालत का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। सोमवार को ग्रामीण ढोल-नगाड़ों के साथ तहसील पहुंचे और उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए सड़क के शीघ्र पुनर्निर्माण की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभाग केवल खानापूर्ति कर रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क के पुनर्निर्माण और मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया तो पांच जून के बाद क्षेत्रवासी आंदोलन और प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में पूर्व प्रधान एवं भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता शांति प्रसाद बैलवाल, ग्राम प्रधान उपराड़ी, वार्ड नंबर 7 के सभासद सचिन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# खाई में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे यात्री को एसडीआरएफ ने दिया नया जीवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा मार्ग पर एक बार फिर एसडीआरएफ ने अपनी तत्परता, साहस और पेशेवर दक्षता का परिचय देते हुए गहरी खाई में गिरे एक यात्री का सफल रेस्क्यू कर उसकी जान बचाई।

डीसीआर रुद्रप्रयाग से एसडीआरएफ पोस्ट सोनप्रयाग को सूचना मिली कि मनकुटिया क्षेत्र के पास एक यात्री अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम उप निरीक्षक आशीष डिमरी के नेतृत्व में तत्काल आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुई।



घटनास्थल पर पहुँचने के बाद टीम ने देखा कि घायल यात्री लगभग 40 मीटर गहरी खाई में गंभीर अवस्था में फंसा हुआ है। क्षेत्र अत्यंत दुर्गम और जोखिमभरा होने के बावजूद एसडीआरएफ जवानों ने बिना समय गंवाए रोप रेस्क्यू तकनीक का इस्तेमाल करते हुए खाई में उतरकर घायल तक पहुँच बनाई।

कड़ी मशक्कत और सूझबूझ के साथ टीम ने घायल यात्री को सुरक्षित स्टेचर में बांधकर खाई से बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल अस्पताल भिजवाया। घायल यात्री की पहचान प्रकाश सुमन पुत्र मुन्नी लाल, उम्र 58 वर्ष, निवासी ग्राम चिरोंज, जनपद विदिशा (मध्य प्रदेश) के रूप में हुई है।

स्थानीय लोगों और यात्रियों ने एसडीआरएफ टीम की त्वरित कार्रवाई और साहसिक रेस्क्यू अभियान की सराहना करते हुए जवानों को "देवदूत" बताया। केदारनाथ यात्रा के दौरान लगातार चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में एसडीआरएफ द्वारा किए जा रहे रेस्क्यू अभियान श्रद्धालुओं के लिए बड़ी राहत साबित हो रहे हैं।

# किन्नरों की जबरन वसूली से तंग आए लोगों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** क्षेत्र में किन्नरों की जबरन बढ़ती वसूली और अराजकता से परेशान जनता के पक्ष में काशीपुर कल्याण मंच ने रविवार सायं रामलीला प्रेक्षागृह में आम बैठक का आयोजन किया, जिसमें उपस्थित तमाम व्यक्तियों ने अपने-अपने विचार एवं सुझाव रखे। वक्ताओं ने कहा कि शादी, बच्चे के जन्म, गृह प्रवेश आदि अवसरों पर किन्नर 21 हजार रुपये से 1.25 लाख रुपये तक की मांग करते हैं। मांग पूरी न होने पर ये किन्नर शोर-शराबा करते हैं और बद्दुआ भी देते हैं। इन पर अंकुश लगाया जाना बेहद जरूरी है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि स्थानीय प्रशासन इस ओर कोई कारगर कदम नहीं उठा रहा है। बैठक में देर तक इस बात पर चर्चा चली कि आखिर किन्नरों की बढ़ती वसूली के खिलाफ स्थानीय प्रशासन कोई कारगर कदम क्यों नहीं उठा रहा है। किन्नरों की वसूली रोकने पर व्यापक चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि आगामी शुक्रवार, 29 जुलाई को एक प्रतिनिधिमंडल इस संबंध में नगर निगम में महापौर दीपक बाली से वार्ता करेगा, तदोपरांत आगे की रूपरेखा तय की जाएगी। काशीपुर कल्याण मंच इस मुद्दे पर जरा भी खामोश नहीं रहेगा। बैठक में कृष्ण कुमार अग्रवाल एडवोकेट, सुशील कुमार अग्रवाल, कैलाश चन्द्र प्रजापति, मनोज अग्रवाल, अभिषेक गोयल, राजकुमार यादव, चक्रेश जैन, मदनमोहन गोले, पीयूष गौड़, विजय चौधरी, सनत पैगिया एडवोकेट, शेष कुमार सितारा आदि मुख्यत: उपस्थित रहे।

# महाराज ने गिनाई विकास कार्यों की उपलब्धियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सतपुली ।** चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकासखंड बीरोंखाल मुख्यालय में सोमवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के उपलक्ष्य में बहुउद्देशीय शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री तथा क्षेत्रीय विधायक सतपाल महाराज ने किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा जनसमस्याओं के समाधान के साथ-साथ आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ भी उपलब्ध कराया गया।



इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र के बीरोंखाल विकासखंड में अभूतपूर्व विकास कार्य किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वर्षों से लंबित बेदीखाल-जोगीमढ़ी एवं रसिया महादेव ग्राम समूह पंपिंग पेयजल योजनाओं के लिए 41 करोड़ 57 लाख 36 हजार रुपये की स्वीकृति मिली है, जिससे क्षेत्र के 75 गांव लाभान्वित होंगे।

इन योजनाओं का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जल निगम द्वारा 50 योजनाओं के लिए 21 करोड़ 68 लाख 10 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें कई योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि शेष पर कार्य प्रगति पर है। वहीं जल संस्थान द्वारा 42 योजनाओं के लिए 18 करोड़ 75 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिनसे 60 गांवों को लाभ मिलेगा। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत द्वितीय चरण में 53 किलोमीटर लंबाई के 15 मोटर मार्गों की स्वीकृति दी गई, जिनमें से पांच मार्गों का डामरीकरण पूर्ण हो चुका है। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 27 किलोमीटर 800 मीटर लंबाई के चार मोटर मार्गों का निर्माण 22 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से पूरा किया गया है। इसके अतिरिक्त 18 किलोमीटर लंबाई के चार अन्य मोटर मार्गों के डामरीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण निर्माण विभाग के अंतर्गत तीन मोटर मार्गों के लिए 4 करोड़ 95 लाख रुपये स्वीकृत किए गए, जिनमें से दो मार्गों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

वहीं वन टाइम मेंटेनेंस योजना के तहत 20 किलोमीटर लंबाई के चार मोटर मार्गों के लिए 3 करोड़ 9 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे, जिन पर कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा नौ किलोमीटर लंबाई के तीन मोटर मार्गों के नवीनीकरण का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है।

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक संध्या में लोक गायिका पूनम सती, महिमा उनियाल, लोक गायक सौरभ मैठाणी, ब्रह्मकमल सांस्कृतिक दल द्वारा प्रस्तुत 'चक्रव्यूह महाभारत, अभिमन्यु लीला, देव क्रिएशन ग्रुप तथा स्थानीय कलाकार श्यामलाल और सोनिया की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री अमृता रावत, जिला पंचायत सदस्य अनूप पटवाल, रजनी रावत एवं शांति देवी, ब्लॉक प्रमुख नेहा नेगी, समाज कल्याण अनुश्रवण समिति सदस्य प्रेम सिंह नेगी, बदरी-केदार मंदिर समिति सदस्य नीलम पुरी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. शिव मोहन शुक्ला, अधिशासी अभियंता लोकेश सारस्वत, जिला समाज कल्याण अधिकारी रोहित दुबड़िया, खंड शिक्षाधिकारी वर्षा भारद्वाज, उप शिक्षाधिकारी मनोज जोशी, बाल विकास परियोजना अधिकारी पूजा गुसाईं सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### बहुउद्देशीय शिविर में 30 दिव्यांगजनों को वितरित किए प्रमाण पत्र

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित शिविर में 165 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जबकि 35 लोगों की रक्त जांच भी की गई। शिविर में समाज कल्याण, पंचायती राज, नागरिक आपूर्ति, जलागम, उद्यान, कृषि, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, पशुपालन, ऊर्जा, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, राजस्व एवं ग्राम्य विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। विभागीय स्टॉलों के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर लाभान्वित भी किया गया।

# रामलीला के चतुर्थ दिवस पर स्वयंवर और वनवास प्रसंग ने दर्शकों को किया भावविभोर

नई टिहर। नई टिहरी में आयोजित रामलीला महोत्सव के चतुर्थ दिवस का मंचन रविवार को भव्य राम बारात के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में प्रारंभ हुआ। मंचन के दौरान भगवान श्रीराम और माता सीता के स्वयंवर का मनमोहक दृश्य दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं कैकई द्वारा राजा दशरथ से श्रीराम को वनवास देने का वरदान मांगने तथा श्रीराम द्वारा माता सीता को वनवास की सूचना देने के भावुक प्रसंग ने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया। रामलीला मंचन के दौरान स्वयंवर प्रसंग को पारंपरिक उल्लासए भव्यता एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ प्रस्तुत किया गया। वहीं वनवास प्रसंग की मार्मिक प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भावुक बना दिया। कलाकारों के जीवंत अभिनयए संवाद अदायगी एवं प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष उदय रावत उपस्थित रहे। उन्होंने रामलीला समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को अपनी परंपराओं, संस्कृति और मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में सुमन सजवानए अरविंद सिंह सजवानए जगदम्बा रतूड़ीए रविंदर राणाए एण्पीण् बाजपेईए डीण्एसण् चौहानए अवधेश गुप्ताए ममता उनियालए लता पांडे तथा सुमन कुमार उपस्थित रहे। रामलीला समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नौडियाल एवं समिति के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर संयोजक देश भूषण गोदियालए संरक्षक एवं संचालक सतीश थपलियालए कमल सिंह महरए महावीर उनियालए देशभूषण जोशीए वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश लांबाए उपाध्यक्ष भगवान चंद रमोलाए महासचिव अमित पंतए निर्देशक अनुराग पंत सहित समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

### गंगा दशहरा पर खिचड़ी व शरबत बांटा

**काशीपुर।** ज्येष्ठ मास की दशमी यानि गंगा दशहरा के अवसर पर मानपुर रोड स्थित श्री विवेक प्रेम ट्रस्ट नंगली आश्रम, काशीपुर के तत्वावधान में श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी एवं शरबत के प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामी शुद्ध महेशानंद पुरी महाराज की प्रेरणा से किया गया। इस सेवा कार्य में ट्रस्टी चमन सिंह प्रजापति एवं अन्य भक्तजनों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस प्रसाद वितरण कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान शिवम् प्रजापति, देवानन्द, माया प्रजापति, शिवानी प्रजापति सहित कई श्रद्धालु एवं भक्तजन मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरी दोनो पुत्रियों सुहानी व सिमरन पासवान के जन्म प्रमाण पत्रों में मेरा नाम भूलवश निशा दर्ज हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड, राशन कार्ड में मेरा नाम बीना (Beena) है जो कि सही है तथा इसी नाम से मेरे को जाना व पहचाना जाये।

**बीना पत्नि राजकुमार**
**निवासी काली माता मन्दिर हर्रावाला देहरादून**

